## एक नजर में

### विधायक अग्रवाल ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**इंदरगढ़, 30 अक्टूबर।** अंदरवस्ती 142 बूथ क्रमांक पर सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल के साथ सुनील परिहार पुनीत पांडेय राय सिंह परिहार राजेन्द्र परिहार संदीप गुप्ता मिरगेंद सिंह परिहारएशिवम कुशवाहाए संदीप परिहार मल खान सिंह सरपंच तिलैथा मल खान सिंह परिहार थान सिंह गुर्जर चंद्रशेखर शर्मा धर्मेन्द्र धाकड़ के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता ?उपस्थित रहे इसी प्रकार इंदरगढ़ नगर के बूथ क्रमांक 142 अंदर बस्ती पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप दांतरे के निज निवास पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात संबोधन कार्यक्रम को सुना जिसमें उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे बृजमोहन दांतरे भास्कर गुप्ता कालीचरण दुबे अमरीश गुप्ता विजय दांतरे डी एस यादव रामेश्वर धाकड़ विक्की नगरिया संजय राणा सुशील श्रीवास्तव राकेश खटीक पवन पाठक ।

### श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे विधायक अग्रवाल

**इंदरगढ़।** सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ररुआ राय विशाल सिंह गुर्जर के पिताजी भगवान सिंह के निधन पर उनके निज निवास पर पहुंचे इसी तरह ग्राम सिकरी जीवन सेन के निधन पर उनके निज निवास पर पहुंचे इसी तरह बड़ी मरसैनी वेदराम यादव के माताजी के निधन पर उनके निज निवास पर पहुंचे इसी तरह ग्राम चीना धाकड़ परिवार में त्रयोदशी गंग भोज भंडारा में पहुंचे इसी तरह ग्राम भरसूला रावत परिवार में गमी में पहुंचे सेंवढा विधायक माननीय प्रदीप अग्रवाल शोक संवेदना व्यक्त की यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार को दुख की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की इस अवसर पर सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल के साथ राममिलन चौधरी डी एस यादव भास्कर गुप्ता जितेंद्र शर्मा बाबूजी बबलू पटेल दिनेश गुप्ता अमरीश गुप्ता सत्येंद्र पाठक धर्मेंद्र राजपूत रुस्तम कौरव रामबरन रावत राजू कुशवाहा बबलू गुर्जरए उत्तम सिंह कमरिया बाबूलाल राजपूत निलेश राजपूत प्रभात श्रीवास्तव निज सहायक पी एस ओ सुभाष आर्य तथा गुर्जर परिवार के सदस्य एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे ।



### संयुक्त कलेक्टर लोकेन्द्र सिंह सरल ने तहसील का किया निरीक्षण

**इंदरगढ़।** संयुक्त कलेक्टर दतिया लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा इंदरगढ़ तहसील का निरीक्षण किया ।निरीक्षण कर विभिन्न बिंदुओं को नोट कराया गया एवं न्यायालय की कार्यप्रणाली सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किए। सभी राजस्व अधिकारीए प्रवाचकए ऑपरेटर को निर्देश दिए गए कि समस्त प्रकरणों को लॉनलाइन दर्ज किया जाएए सभी पेशियां ऑनलाइन आर सी एम एस पोर्टल पर बढ़ाई जाएंए प्रतिदिन ऑनलाइन सार्वजनिक वाद सूची को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाएए आदेशित प्रकरणों में पटवारी द्वारा अमल करने के बाद ही प्रकरण को अंतिम रूप से निराकृत करें।3 माह से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करें। आर्थिक सहायता; त्ठब् 6.4द्ध के प्रकरणों को संवेदनशीलता एवं त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। संयुक्त कलेक्टर लोकेन्द्रसिंह सरल ने 3 माह से लंबित वाले प्रकरणों में पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित सभी प्रकरणों में पटवारी को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए एसीमांकन के नवीन प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए है ।

### आज युवा संगम का आयोजन

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई, ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेंटिसिशिप एवं रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्पलामेंट कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है।युवा संगम का आयोजन जिला पंचायत स्थित निषादराज भवन श्योपुर में 31 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। इस युवा संगम में विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों और कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा सेल्समैन, आफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग, ऑटो मोबाइल, एलआईसी अभिकर्ता सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी।इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए योग्यता 5वीं पास से लेकर स्नातक तक जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष है शामिल हो सकते हैं।



### कराहल एवं सारसिल्ला में 24 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रहे है।जिला आबकारी अधिकारी श्री सिकरवार ने बताया कि कराहल एवं सारसिल्ला में शराब के अवैध विक्रय की सूचना के आधार दबिश दी गई, मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 3 प्रकरण दर्ज किया गया। लगभग 24 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 450 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया।जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 49,800 रुपये पाई गई।कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री निधि जैन, आरक्षक राजेन्द्र शर्मा, कोक सिंह रावत, विकास श्रीवास्तव शामिल रहें।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर वीसी आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बुधवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के जारी कार्यक्रम के तहत कार्य किये जाने के निर्देश दिए। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान सहित मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहें।



वीसी के माध्यम से विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न चरणो में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों तथा बीएलओ के प्रशिक्षण, गणना पत्रक भरने के साथ ही डुप्लीकेट, मृत, स्थानांनतरित वोटर्स के नाम हटाने के साथ ही 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन वोटर्स के नाम जोडे जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

**बीएलओ की ट्रेनिंग 31 एवं 01 को :** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्योपुर, कराहल, वीरपुर एवं विजयपुर में 31 अक्टूबर एवं 01 नवंबर को बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस दौरान उन्हें प्रत्येक मतदाता का गणना पत्रक भरने सहित प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।



### स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आज कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में तम्बाकू के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा द्वारा छात्रों के बीच तम्बाकू निषेध पर संवाद किया गया। इस दौरान छात्रों को बताया की तंबाकू का सेवन शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है जो केन्सर का कारण बनता है, तंबाकू, धूम्रपान की संख्या युवाओं में निरंतर बढ़ रही है जो चिंता का विषय है हम सबको संकल्प लेना है कि तंबाकू का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता की जाये तथा तम्बाकू सेवन नही करने के लिए लोगों को अवगत कराया जायें। इस अवसर पर विद्यार्थियों को तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूकता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

### रामेश्वर मेला 4 नवंबर से, नोडल अधिकारी नियुक्त

**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले त्रिवेणी संगम रामेश्वर मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत मानपुर अंतर्गत रामेश्वर त्रिवेणी संगम मेला कार्तिक मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर 4 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा।

# सायबर जागरूकता के सम्बन्ध में कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय

**पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सायबर क्राइम के प्रति जागरूक किया**

स्नाकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अतंर्गत साइबर जागृति भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सायबर स्वच्छता, डिजिटल सुरक्षा जिम्मेदार ऑनलाइन आचरण और डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आईटी एक्ट 2000 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने क्रिप्टोकरंसी डिजिटल फ्रॉड आदि के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया, साइबर वर्ल्ड और एआई के जमाने में हमें अत्यधिक सतर्कता एवं सावधानी से इन तकनीकियों का उपयोग कर अपने एवं अपने परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित रखना चाहिए।

आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडी राठोर ने बताया कि आज किसी भी प्रकार के सायबर क्राइम के प्रति जनजागृति आती है,तो साइबर अपराधी नए नए तरीके खोज लेते हैं। अत: सिर्फ सर्तकता और सावधानी से ही हम इनसे बच सकते हैं। सूबेदार भगवत प्रसाद पांडे ने विद्यार्थियों को एपीके फाइल के खतरों एवं उससे बचने के उपाय के बारे में बताया।

राजवल्लभ यादव ने फिशिंग, साइबर बुलिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे आधुनिक साइबर क्राइम की जानकारी एवं सुरक्षा के उपाय बतायें। ट्रैफिक टीआई संजय राजपूत में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने के लिए प्रेरित किया तथा राहवीर योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

# एकदिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विजयपुर के जनपद पंचायत सभागार में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सीईओ जनपद आफिसर सिंह गुर्जर, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्रीमती नेहा सिंह, मास्टर ट्रेनर प्रदीप मुदगल, ब्लॉक समन्वय श्रीमती शाहीन परवीन आनंद विभाग की मास्टर ट्रेनर राजा खान, बलभद्र शर्मा, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीईओ जनपद श्री गुर्जर ने विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं कहा कि काम का बोझ हमारे आनंद के स्तर को कम करता है, मगर आज के काम को कल पर टालेंगे तो काम का बोझ ओर भी अधिक बढ़ेगा और कही ना कही वो हमारे आनंद के स्तर को कम करेगा इसलिए काम को टाले नहीं बल्कि उसी दिन करने की आदत बनाए तो आनंदित रहेंगे। समय प्रबंधन और अनुशासन जीवन में आनंद का संचार करते है।

# मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत विजयपुर में धरती ग्रामोत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति विजयपुर, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ एसएन बिंदल, बीपीएम दिलीप दंडोतिया, बीसीएम कमल किशोर, बीईई साहिब कुरैशी, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री ज्योति चतुर्वेदी एवं पर्यवेक्षक सुश्री रामा माहुर, दशरथ अहिरवार प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सहित आशा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

इस दौरान सहरिया जनजाति बाहुल्य 30 ग्रामों की आंगनबाडी एवं आशा कार्यकर्ता को मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा ग्रामों में गठित स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा मुख्यमंत्री जननी शिशु स्वास्थ्य अंतर्गत प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण आदि पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये गये।

# मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को किया छात्रवृति की राशि का अंतरण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 52 लाख से

**श्योपुर जिले के 56 हजार से अधिक विद्यार्थी हुए लाभान्वित**

अधिक विद्यार्थियों के खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 300 करोड़ रूपये की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया।



इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संपन्न हुआ। स्थानीय कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, प्रभारी प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय अमित चांदिल सहित अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गर्ग ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले में 56 हजार 418 विद्यार्थी लाभान्वित हुए है। इन विद्यार्थियों के बैंक खातो में सिंगल क्लिक के माध्यम से समेकित छात्रवृति योजना अंतर्गत लगभग ढाई करोड से अधिक राशि अंतरित की गई।

### बाल विवाह सामाजिक कुरीति, इसके प्रति जागरूकता जरूरी : डीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने सभी नागरिको, ग्रामीणों, प्रबुद्धजनो, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जायें तथा बाल विवाह को रोकने के लिए सहयोग प्रदान किया जायें। शासन द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के तहत प्रावधान किये गये है कि वर-वधु की आयु क्रमश: 21 एवं 18 वर्ष से कम नही होना चाहिए। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा बाल विवाह को लेकर विशेष सर्तकता बरते जाने के क्रम में दिये गये निर्देशो के तहत इस बार बाल विवाह रोकने के लिए महिला बाल विकास विभाग के दल के साथ-साथ शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, शौर्यादल और आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं स्वसहायता समूह के सदस्य, सामूहिक विवाह सम्मेलनकर्ता समिति, संस्थाओं के अध्यक्ष, सदस्य, ग्राम स्तर के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी अपनी भूमिका निभायेंगे साथ ही विवाह आयोजनों में सम्मलित होने वाले आयोजन से जुडे व्यक्तियों, सेवा प्रदाताओं जैसे-हलवाई, केटर्स, टेंटवाले, घोडीवाले, बग्घीवाले, प्रिटिंगवाले, लाइट संचालकों को भी जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपनी बुकिंग वर-वधुओं की आयु (18 वर्ष लडकी की एवं 21 वर्ष लडके की) देखकर ही करें। जिले के सभी तहसील एवं विकासखंड स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में विवाह आयोजनो एवं सामूहिक विवाह सम्मेलनकर्ता समितियों, संस्थाओं से संपर्क रखें।

# श्योपुर को आपदा ग्रस्त घोषित किया जाए , विधायक मलहोत्रा की मुख्यमंत्री से मांग

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** विजयपुर विजयपुर क्षेत्र के विधायक मुकेश मलहोत्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर सम्पूर्ण श्योपुर जिले को आपदा ग्रस्त जिला घोषित करने की माँग की है। उन्होंने कहा है कि जिले में हुई भारी बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है।विधायक मलहोत्रा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2025 तक हुई भीषण वर्षा और ओलावृष्टि ने जिले के अधिकांश गांवों में फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया है। कई स्थानों पर तो 100 प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि एक किसान ने आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या तक कर ली है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि बिना किसी सर्वे की प्रतीक्षा किए, प्रभावित किसानों को 25 हजार रुपये प्रति बीघा की दर से मुआवजा राशि तुरंत जारी करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए जाएँ। विधायक ने साथ ही यह भी माँग की है कि जिले के किसानों के बिजली बिल, सीसी ऋण तथा सहकारी समितियों के खाद-बीज ऋण को माफ किया जाए, ताकि किसान दोबारा खेती शुरू करने की स्थिति में आ सकें।विधायक मल्होत्रा ने कहा है कि श्योपुर जिले का किसान आज सबसे बड़ी मुसीबत में है। सरकार को त्वरित कार्रवाई कर राहत पहुँचानी चाहिए, वरना स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

**रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज : श्योपुर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किये जाने के क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर 31 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे पीजी कॉलेज पाली रोड से पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जायेगा।

### पीएम आवास एवं स्वनिधि योजना अंतर्गत शिविर आज

**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में मेला अंगीकार 2025 अंतर्गत पीएम आवास मेला शहरी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 एवं पीएम स्वनिधि योजना 2.0 हेतु शिविर का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जायेगा। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला परियोजना अधिकारी डूडा विजय शाक्य ने बताया कि नगरपालिका भवन में 31 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे शिविर आयोजित किया जा रहा है, शिविर में विभिन्न बैंको के प्रबंधक उपस्थित रहेंगे।

# डीएचओ ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा



**श्योपुर, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओ में निरंतर सुधार के लिए नियमित रूप से मॉनीटरिंग किये जाने के उद्देश्य से दिये गये निर्देशो के क्रम में आज डिस्ट्रीक्ट हेल्थ आफिसर डॉ जेएन सक्सैना एवं डॉ जेएस राजपूत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौदा पर स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर बीएमओ डॉ राघवेंद्र सिंह भदोरिया सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं को प्रथम तिमाही में शीघ्र पंजीयन करने, सभी एएनसी जाच, प्रसव से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने, जननी सुरक्षा योजना और प्रसूता सहायता योजना अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये, इसके साथ ही आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर एनीमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज लगाने, गर्भवती महिलाओं के एमसीपी कार्ड भरने के साथ ही, एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत हाइपरटेंशन, डायबिटीज की जांच किये जाने के कार्य की समीक्षा की गई।

# मेला में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले अधिकारियों का जताया आभार

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 30 अक्टूबर।** कलेक्टर दतिया स्वप्निल वानखड़े एवं पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा द्वारा दीपावली भाई दूज मेला की व्यवस्था के लिए प्रभारियों के रूप में अधिकृत सेवढ़ा ब्लॉक के दो बड़े अधिकारीयों एसडीएम अशोक अवस्थी एवं एस डी ओ पी अजय चानना की जितनी भी सराहना की जाए उतनी कम है कलेक्टर दतिया बानखड़े के नेतृत्व में इन अधिकारी द्वय द्वारा भरपूर



जिम्मेदारी निभाई गई मेला में जनता को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो एवं सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनी रहे इसी कार्य पद्धति को लेकर दोनों ही अधिकारियों ने रात दिन एक करके उसी मेहनत से रतनगढ़ मेला को सजाया एवं आम जनता की सुविधा के लिए पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहे। एसडीएम अशोक अवस्थी की मां रतनगढ़ के प्रति श्रद्धा का जीवंत उदाहरण है मंदिर का चौमुखी विकास।

सेवढ़ा एस डी एम अशोक अवस्थी द्वारा अपने कार्यकाल में मां रतनगढ़ वाली के मंदिर के बिकास को लेकर नित प्रतिदिन नई योजनाएं बनाकर उन्हें मूर्त रूप दिया गया और मंदिर विकास में प्रमुख भूमिका निभाई गई। वहीं आम जन की सुरक्षा की शानदार व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन में एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना पुलिस बल के साथ पूरी जिम्मेदारी से महामाई रतनगढ़ वाली मैया के दरबार में उपस्थित रहे तहसीलदार दीपक यादव एवं सेवढ़ा अनुविभाग के थाना प्रभारियों वैभव गुप्ताएविनीत तिवारीए अरविन्द भदौरिया अतरेता थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह डीपार थाना प्रभारी अमर सिंह गुर्जर शत्रुघ्न मिश्रा लांच सहित पटवारियोंए ग्राम पंचायतों के सचिव एवं सहायक सचिवों सहित स्वास्थ्य विभाग ने भी रतनगढ़ मेला में आम जन की सुरक्षा एवं सेवा हेतु कर्तव्य का पालन किया।क्षेत्रीय नागरिकों ने महामाई रतनगढ़ माता एवं कुंवर महाराज से सभी अधिकारियों पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।